www.amritvichar.com

## सुविचार



इस दुनिया में सम्मान से जीने का सबसे महान तरीका है कि हम वो बनें जो हम होने का दिखावा करते हैं।
- सुकरात


# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , शनिवार,14 फरवरी 2026


### बरेली के प्रमुख समाचार


- महाशिवरात्रि पर कीचड़ और जलभराव से जूझेंगे भक्त-II
- ट्रामा सेंटर पर करोड़ों खपाए, दो साल के बाद भी शुरू नहीं कर पाए-III
- महाशिवरात्रि : आस्था और इतिहास के संगम हैं सात नाथ मंदिर-IV


## सिटी ब्रीफ

### समर्थ पोर्टल से होंगी विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक व आंतरिक परीक्षाएं

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी कृषि व ऑनर्स एवं एमएससी कृषि के विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक, आंतरिक और मिड-टर्म परीक्षाओं के संचालन को लेकर निर्देश शुक्रवार को जारी कर दिए। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि सभी परीक्षाएं 14 फरवरी से 1 मार्च के बीच संपन्न कराई जाएंगी। परीक्षाओं की निर्धारित अवधि के बाद किसी भी प्रकार के अंक ऑनलाइन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभी परीक्षाओं के अंक केवल समर्थ व विश्वविद्यालय पोर्टल के माध्यम से ही अपलोड किए जाएंगे। प्रत्येक संकाय को अंकपत्र की दो प्रतियां सुरक्षित रखने के साथ चुनौती मूल्यांकन से संबंधित उत्तरपुस्तिकाओं का सुरक्षित संधारणअनिवार्य किया गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तत्काल उपलब्ध कराया जा सके।

## शहर में आज

- यूपी बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न कराने के संबंध में पुलिस प्रशासन की संजय कम्युनिटी हॉल में बैठक दोपहर 1.30 बजे से।
- महाशिवरात्रि के अवसर पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को तैनात किए गए पुलिस-प्रशासनिक अफसरों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक दोपहर 3 बजे से।
- महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में पुरातन छात्र समारोह का आयोजन पूर्वाह्न 11:30 बजे से।
- भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज दीक्षित एडवोकेट प्रदेशव्यापी समग्र क्रांति जनजागरण मिशन के क्रम में पीडब्ल्यूडी निरीक्षण भवन में बैठक करेंगी दोपहर 1.30 बजे से।
- कवि गोष्ठी आयोजन समिति के तत्वावधान में पुलवामा के अमर शहीदों की स्मृति में कवि गोष्ठी का आयोजन सिटी स्टेशन के सामने पांचालपुरी में दोपहर 3 बजे से।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं



शैलजा नारायण प्राकट्योत्सव पर मॉडल टाउन स्थित हरि मंदिर बरातघर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देती महिला श्रद्धालु। (संबंधित खबर पेज IV पर) ● अमृत विचार

## सिटी स्टेशन रोड पुनर्निर्माण का शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सिटी रेलवे स्टेशन से किला पुल तक पुनर्निर्मित हो रहे 1275 मीटर लंबे सीसी मार्ग का मेयर उमेश गौतम ने शुक्रवार को शिलान्यास किया। डिवाइडर के एक ओर सिटी स्टेशन लेन की दिशा में 8 मीटर चौड़ाई में सड़क बनाई जाएगी।

तकनीकी मानकों के तहत 10 सेंटीमीटर डीएलसी (ड्राई लीन कंक्रीट) बेस के ऊपर 31 सेंटीमीटर मोटी सीसी परत डाली जाएगी, जिससे सड़क टिकाऊ और धूल-मुक्त रहेगी। यह परियोजना नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत स्वीकृत है और नगर निगम बरेली की अनुमति के बाद प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग द्वारा कराई जा रही है। कार्यदायी संस्था मैसर्स एएम बिल्डर्स को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि सड़क बनने से धूल प्रदूषण कम होगा और ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी। अधिशासी अभियंता भगत सिंह, सहायक अभियंता प्रदीप गंगवार, विवेक त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।



शिलान्यास के दौरान मेयर और पीडब्ल्यूडी के अभियंता। ● अमृत विचार

# महाशिवरात्रि कल, शहर में आज रात से नहीं घुसेंगे भारी वाहन

## सात नाथ मंदिरों संग शहर के अन्य शिवालयों में होगा जलाभिषेक, कई स्थानों से निकलेंगी शिव बरात, भारी संख्या में शामिल होंगे श्रद्धालु

- यातायात पुलिस ने आम लोगों की सुविधा को लागू किया रूट डायवर्जन
- शनिवार की रात नौ बजे से रविवार रात नौ बजे तक डावर्जन रहेगा प्रभावी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को पूरी आस्था और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। नाथ नगरी के सातों नाथ मंदिरों के साथ ही शहर के अन्य हिस्सों में स्थित शिवालयों में लोग बड़ी संख्या में जलाभिषेक करेंगे। मंदिरों में जलाभिषेक का कार्यक्रम भोर में तीन बजे से ही शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही शहर में कई स्थानों से शिव बरात निकाली जाएंगी। श्रद्धालुओं को इस दौरान कोई असुविधा न हो, इसलिए एसपी ट्रैफिक ने शनिवार की शाम 9 बजे से रविवार की शाम 9 बजे तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया है। आमजन की सुविधा के लिए रूट डायवर्जन किया गया है। जो रविवार की शाम नौ बजे तक प्रभावी रहेगा।

एसपी ट्रैफिक ने बताया कि परसाखेड़ा रोड नम्बर-एक, बिलवा पुल, लालपुर कट, विलयधाम, नवदिया झादा, ट्रांसपोर्टनगर, इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी, रामगंगा तिराहा और बुखारा मोड़ से कोई भी भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेगा। वहीं, दिल्ली व रामपुर की तरफ से आने वाले भारी वाहन, रोडवेज बसें जिनको बदायूं की तरफ जाना है, झुमका तिराहे से बड़ा बाईपास से नवदिया झादा से फरीदपुर से फतेहगंज पूर्वी से दातागंज से देवचरा से भमौरा होते हुए जा सकेंगे। नैनीताल की तरफ से आने वाले भारी वाहन, रोडवेज बसें जिन्हें बदायूं जाना है। वह बिलवा, विलयधाम, बड़ा बाईपास से नवदिया झादा से फरीदपुर से फतेहगंज पूर्वी से दातागंज से देवचरा से भमौरा होते हुए जा सकेंगे। पीलीभीत की तरफ से आने वाले भारी वाहन जिनको बदायूं जाना है, वह विलयधाम, बड़ा बाईपास से नवदिया झादा से फरीदपुर से फतेहगंज पूर्वी से दातागंज से देवचरा से भमौरा होते हुए जा सकेंगे।

एसपी ट्रैफिक के अनुसार दिल्ली व रामपुर की तरफ से आने वाले भारी वाहन और रोडवेज बसें जिन्हें लखनऊ जाना है वह बड़ा बाईपास से झुमका, बिलवा, विलयधाम, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी होकर जा सकेंगे। लखनऊ की तरफ से दिल्ली जाने वाले भारी वाहन फरीदपुर, इन्वर्टिस तिराहा होते हुए बड़ा बाईपास से जा सकेंगे। बदायूं की तरफ से आने वाले भारी वाहन जिनको बरेली आना है, भमौरा से देवचरा चौराहा से दातागंज, फतेहगंज पूर्वी से इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे। जिन्हें दिल्ली जाना है वह बड़ा बाईपास से दिल्ली जाएंगे। बदायूं व लखनऊ की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें इन्वर्टिस से सैटेलाइट बस स्टैंड तक आ सकेंगी। दिल्ली की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें मिनी बाईपास से इज्जतनगर, डेलापीर, 100 फुटा पूर्वी से सैटेलाइट तक आ सकेंगी।

कुदेशिया अंडरपास से अलखनाथ मंदिर की तरफ कोई भी चार पहिया वाहन, ऑटो रिक्शा, मैजिक, मैक्स नही आ सकेगें। किला क्रॉसिंग से अलखनाथ मन्दिर की तरफ कोई भी चार पहिया वाहन, ऑटो रिक्शा, मैजिक, मैक्स नहीं जा सकेंगे। श्यामतगंज, बरेली कॉलेज गेट की तरफ से कोई भी चार पहिया वाहन, ऑटो रिक्शा, मैजिक, मैक्स काली बाड़ी की तरफ नहीं जा सकेंगे। पुलिस ने आमजन से अपील कि है कि श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ रहेगी, भीड़भाड़ वाले मार्गों के बजाय वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करते हुए असुविधा से बचें।



वनखंडी नाथ मंदिर में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार



रोशनी से जगमग अलखनाथ मंदिर। ● अमृत विचार

### शिव मंदिरों में तैनात किए मजिस्ट्रेट, इंस्पेक्टर संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था

- एडीएम सिटी बोले- महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शोभायात्राओं में भी मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं

**बरेली, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर शहर के नाथ मंदिरों के साथ अन्य सभी शिव मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। प्रमुख शिव मंदिरों में भी एक-एक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। साथ ही इंस्पेक्टर अपने क्षेत्र के शिव मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। मजिस्ट्रेट के साथ सीओ भी तैनात किए गए हैं। एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने बताया कि शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ के मद्देनजर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। महाशिवरात्रि पर शहर में परंपरागत शोभायात्राएं भी निकलेंगी। बड़ी शोभायात्रा में चार मजिस्ट्रेट और छोटी शोभायात्रा में आगे पीछे मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। थाना पुलिस फोर्स के साथ पीएसी भी तैनात रहेगी। प्रमुख नाथ मंदिरों में महिला सिपाही भी तैनात की जाएंगी। एडीएम सिटी ने बताया कि महाशिवरात्रि की ड्यूटी में तैनात किए गए मजिस्ट्रेट सहित पुलिस अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार की दोपहर 3 बजे से बैठक होगी।

## संपत्ति और भवन कर नहीं चुकाने पर 20 इमारतें सील



सीलिंग की कार्रवाई करती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

- जोन-1 से 4 तक चला वसूली अभियान, नगर निगम कोष में ढाई लाख जमा
- मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने चेताया, आगे भी जारी रहेगी सख्त कार्रवाई
- कार्रवाई से बचने को भवन और संपत्ति मालिक बकाया संपत्ति कर तत्काल जमा करें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम ने बकाया संपत्ति कर की वसूली को लेकर फिर सख्ती शुरू कर दी है। संपत्ति कर विभाग ने शुक्रवार को शहर के चारों जोन में सीलिंग की कार्रवाई की। कई नोटिस देने के बाद भी निर्धारित समयावधि में बकाया कर जमा न करने वाले 20 भवन व व्यवसायिक स्वामियों की संपत्तियों को सील किया गया। अभियान के दौरान ढाई लाख रुपये टैक्स की वसूली भी की गई।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि जोन-1 में गुलाब नगर के हामिद हुसैन, मोहम्मद रजा खान, इंग्लिशगंज के महबूब हुसैन, रईस अहमद, मलूकपुर की मुमताज बेगम, कुंवरपुर के नसीर अहमद, सरनियां के शाहिद, शहर के ईशाक चौधरी, शाईस्ता बेगम की संपत्तियों को सील किया गया। इसी तरह जोन-2 के फाल्तूनगंज में वशीर अहमद की दो संपत्तियों को सील किया गया, जबकि जोन-3 में नई बस्ती के नईम उल्ला, कांकर टोल के हिमायत उल्ला, एजाज नगर गौटिया की खुशनुमा, कांकर टोल की शमीम बानो, शाहजहां बेगम की संपत्तियों को भी सील किया गया।

उन्होंने बताया कि जोन-4 में कार्रवाई का दायरा और भी कड़ा रहा, जहां प्रेमनगर के भूड़ की रामकली देवी, गांधीपुरा के राजकुमार और डायमंड टायर्स शोरूम को सील किया गया। उन्होंने बकायेदारों को चेतावनी दी है कि अभियान निरंतर और सख्ती के साथ जारी रहेगा। सभी भवन और संपत्ति मालिकों से अपील की वे वैधानिक कार्रवाई से बचने के लिए तुरंत अपना बकाया संपत्ति कर जमा कराएं।

## मॉडल टाउन में अतिक्रमण हटाने के नोटिस से लोगों में नाराजगी

- दुकानदार और स्थानीय लोग नगर निगम पहुंचे
- पर्यावरण अधिकारी से मिलकर आपत्तियां दर्ज कराईं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मॉडल टाउन में प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य से पहले अतिक्रमण हटाने को लेकर खलबली मची हुई है। नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाओ नोटिस जारी किए जाने के बाद स्थानीय लोग चिंतित हो गए हैं। कई वर्षों से अपने बने स्थायी और अस्थायी ढांचे हटाए जाने की संभावना से प्रभावित दुकानदार व स्थानीय लोग शुक्रवार को नगर निगम पहुंचे और पर्यावरण अधिकारी राजीव राठी से मिलकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। उनका कहना था कि यदि उनके अतिक्रमण को हटाया गया तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा, क्योंकि ये जगहें उनके व्यवसाय और रहन-सहन का मुख्य आधार हैं। वहीं, राजीव राठी ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए प्रभावितों को नियमानुसार पर्याप्त सूचना दी गई है, ताकि वे समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें।



नगर निगम में अफसरों से बात करते लोग। ● अमृत विचार

### रोवर्स-रेंजर्स की जिला कार्यकारिणी गठित

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को रोवर्स-रेंजर्स कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में गतिविधियों को सुव्यवस्थित करने और समन्वय मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया। विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित बैठक में भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के जिला आयुक्त (रोवर्स-रेंजर्स) और सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त की मौजूदगी रही। विश्वविद्यालय के जिला मुख्यायुक्त डॉ दीपक गंगवार ने बताया कि जिला कार्यकारिणी बनने से महाविद्यालयों में कार्यक्रमों का संचालन अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

## जनवरी में ही मलेरिया के मिले तीन मरीज

कार्यालय संवाददाता बरेली

- मलेरिया विभाग रख रहा नजर लगातार की जा रही मॉनीटरिंग
- दो लोगों को पीवी और एक को पीएफ मलेरिया ने किया बीमार

**अमृत विचार :** जिले में जनवरी महीने में मलेरिया के तीन मरीज मिलने से मलेरिया विभाग अलर्ट हो गया है। गांव में मरीजों की मॉनिटरिंग की जा रही है। आशाएं मरीजों के घर जाकर लगातार मॉनीटरिंग कर रहीं है, जिससे मरीज नियमित रूप से दवा का सेवन करके स्वस्थ हो सकें और दूसरों को संक्रमित न करें। इसके साथ ही मरीज का रिपोर्ट कार्ड भी तैयार किया जा रहा है।

जनवरी माह में मझगवां और भमोरा ब्लॉक में मलेरिया के मरीज मिलने से जिला मलेरिया विभाग अलर्ट हो गया है। पहली मरीज मझगवां ब्लॉक में मिली है। उसे पीएफ मलेरिया है। यह मलेरिया गंभीर होता है। इसमें मरीज को तीन दिन में इलाज मिलना जरूरी होता है। उपचार समय पर न मिलने पर जान का जोखिम बन जाता है। भमोरा ब्लॉक में दो मरीज पीवी मलेरिया से ग्रसित हैं। दवा के साथ उनकी स्थिति पर भी नजर रखी जा रही है। आशाओं को बताया गया है कि वह मरीजों के घर जाकर नियमित दवा लेने को प्रेरित करें। मलेरिया मरीज के नियमित 14 दिन तक दवा लेने से संक्रमण दूसरों के शरीर पर नहीं पहुंचेगा और मलेरिया को आगे फैलने से रोका जा सकता है।

### ये कहते है आंकड़े

| वर्ष | मरीज |
|---|---|
| 2023 | 3490 |
| 2024 | 2024 |
| 2025 | 1938 |

### 450 गांव पर कहर बनकर बरसता है मलेरिया

जिला मलेरिया विभाग ने बीते सालों से यह देखा है कि जिले के 450 गांव ऐसे हैं जहां अप्रैल से अक्टूबर तक मलेरिया कहर बनकर बरसता है। यहां अप्रैल से ही मॉनिटरिंग शुरू हो जाती है और मरीजों को दवा खिलाने पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

> जिले के दो ब्लॉक में मलेरिया के तीन मरीज मिले हैं। उनके इलाज के साथ मॉनीटरिंग की जा रही है। बीते सालों के हिसाब से जिले के 450 गांव ऐसे हैं जहां पर मलेरिया तेजी से फैलता है। उन गांव की मॉनीटरिंग लगातार होती रहती है।
>
> -सतेंद्र सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी

**कवायद तेज** — क्रय की गयी निजी भूमि को हस्तांतरित करने के लिए राज्य सरकार और नागरिक उड्डयन के बीच बनना है लैंड लीज एग्रीमेंट

## एयरपोर्ट : विस्तार के लिए लैंड लीज एग्रीमेंट हो रहा तैयार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला प्रशासन एयरपोर्ट विस्तार के लिए भूमि क्रय कर शासन को भेज चुका रिपोर्ट
- राज्यपाल के नाम हो चुके बैनामे 44.26 करोड़ से ज्यादा की क्रय की गयी निजी भूमि




**अमृत विचार:** बरेली एयरपोर्ट (सिविल एन्क्लेव) के विस्तारीकरण में बड़े-बड़े एप्रन, टैक्सी-वे और बड़े टर्मिनल का निर्माण कार्य कराने के लिए निजी भूमि क्रय कर ली गयी। विस्तारीकरण की कवायद तेज करते हुए अब नागरिक उड्डयन और राज्य सरकार के बीच लैंड लीज एग्रीमेंट की तैयारी शुरू हो गयी है। इसमें ग्राम समाज और रक्षा संपदा की भूमि भी शामिल होगी। लीज एग्रीमेंट होने के बाद भूमि नागरिक उड्डयन विभाग को शासन स्तर से स्थानांतरित हो जाएगी। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएंगे। 16.97 एकड़ निजी भूमि क्रय कर 44.26 करोड़ रुपये मुआवजा किसानों को बांटा गया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के चेयरमैन की ओर से वर्ष 2024 में बरेली एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की कवायद शुरू करने को पत्राचार किया तो शासन ने भूमि अर्जन करने के संबंध में वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी की थी।

शासन के निर्देश पर डीएम ने तहसील सदर के स्तर से एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए भूमि क्रय करने की प्रक्रिया शुरू करायी। विस्तारीकरण के लिए कुल 23.55 एकड़ भूमि क्रय करने की तैयारी की थी। 4.14 एकड़ भूमि ग्राम सभा की है, यह राज्य सरकार की ओर से हस्तांतरित की जानी है। इसके साथ 1.16 एकड़ भूमि उप्र राजस्व संहिता 2006 की धारा 104/105 के अंतर्गत राज्य सरकार के पक्ष में दर्ज करायी गयी। इस भूमि को अनुसूचित जाति के व्यक्ति ने कई व्यक्तियों को बिना पूर्व अनुमति के बेचकर बैनामे करा दिए थे। बाद में बैनामे निरस्त कराए गए थे। मुड़िया अहमदनगर और चावड़ गांव के किसानों की करीब 16.97 एकड़ भूमि आपसी सहमति पर क्रय की गयी। परियोजना के लिए 53.40 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी थी। इसके सापेक्ष 44.26 रुपये से निजी भूमि क्रय की गयी। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। बैनामे राज्यपाल के नाम कराए गए। इधर, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी देश दीपक सिंह का कहना है कि तहसील स्तर से निजी भूमि क्रय कर बैनामे कराकर शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। नागरिक उड्डयन के नाम भूमि हस्तांतरित करने के लिए लीज एग्रीमेंट तैयार कराया जा रहा है।

### इसलिए एयरपोर्ट का विस्तारीकरण हो रहा

सिविल एन्क्लेव के लिए एप्रन, टैक्सी-वे और बड़े टर्मिनल का निर्माण होना है। बरेली एयरपोर्ट पर एक टर्मिनल है। भूमि अर्जन होने के बाद पहले चरण में 10 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन और 222 सीटर विमान पार्क करने के लिए सात एप्रन बनाए जाएंगे। दूसरे चरण में 20 हजार वर्ग मीटर के टर्मिनल भवन के साथ 222 सीटर विमान को पार्क करने के लिए 10 एप्रन बनने हैं।

# महाशिवरात्रि पर कीचड़ और जलभराव से जूझेंगे भक्त

## पशुपति नाथ मंदिर को जाने वाले मुख्य मार्ग पर जमा गंदा पानी, शिकायत के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पशुपति विहार कालोनी की मुख्य सड़क पर कीचड़ और गंदा पानी जमा। लोगों का कहना है कि पिछले साल सावन में भक्तों को गंदे पानी और कीचड़ से होकर मंदिर तक पहुंचना पड़ा था। इस बार महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं को कीचड़ और जलभराव की समस्या से जूझना पड़ेगा। दरअसल, पशुपति विहार कालोनी में जलभराव की समस्या वर्षों से है। इस मोहल्ले में पशुपति नाथ मंदिर है, जो नाथ कारिडोर में शामिल है।

पीलीभीत बाईपास रोड से इस मंदिर की दूरी 100 से 150 मीटर है। मंदिर में दर्शन करने के लिए भक्त व आमजन अक्सर पैदल ही आते हैं। बताया जाता है कि मंदिर को जाने वाला मार्ग समेत समूचा मोहल्ला मुख्य सड़क के तल से बहुत नीचे है। मोहल्ले की नालियों का पानी नाले तक पहुंचाने की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। इससे आम दिनों में भी सड़कों पर नालियों का गंदा पानी और कीचड़ जमा रहता है। स्थानीय निवासियों की शिकायतों के बावजूद नगर निगम की बेरुखी बरकरार है।



पशुपति नाथ मंदिर को जाने वाले मुख्य मार्ग पर गंदगी के साथ जमा पानी। ● अमृत विचार



पशुपति विहार कॉलोनी में सड़क पर जलभराव। ● अमृत विचार

● सड़क पर पानी रहने के कारण बना रहता है हादसे का डर

"पशुपतिनाथ मंदिर को जाने वाला मार्ग समेत पूरा मोहल्ला सड़क से काफी नीचा है। जबकि रोड पर बना नाला इससे ऊंचा है। जिस कारण रोड पर जलभराव की समस्या रहती है। महाशिवरात्री पर्व को देखते हुए रोड की सफाई कराई जा रही है। पानी न भरे, इसके लिए पंप सेट लगवाए जाएंगे।

– **संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त



बारिश के दिनों में हालात बदतर हो जाते हैं। लोगों को जाने जाने में परेशानी होती है। महाशिवरात्रि पर मंदिर में दर्शन के लिए लोग पैदल आते हैं। मुख्य मार्ग पर कीचड़ और गंदे पानी से होकर उन्हें गुजरना पड़ेगा। समस्या का तत्काल निदान किया जाए, जिससे लोगों को सहूलियत मिले। **–दीपक**



नाला चोक होने की वजह से समस्या बनी है। भक्तों को अक्सर कीचड़ से होकर मंदिर तक जाना पड़ा था। कई शिकायतों के बाद भी कोई स्थायी उपाय नहीं हुआ। इससे दुकानदार भी प्रभावित होते हैं। इस बार भी आवाजाही में भक्तों को परेशानी से जूझना पड़ेगा। **–बबलू**



पिछले साल सावन में भक्तों को गंदे पानी में चलना पड़ा। इस बार महाशिवरात्रि पर भी इसी समस्या से श्रद्धालुओं को जूझना पड़ेगा। नालियों का पानी सड़क पर रहता है। हादसे का भी डर बना रहता है। समस्या का समाधान होना चाहिए, ताकि लोगों को आवाजाही में राहत मिले। **–यश**



जलभराव की समस्या लंबे समय से है। इसका आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। बारिश के दिनों में पंप लगवाकर पानी निकलवाया जाता है। वह भी नाकाफी साबित होता है। नगर निगम को इस समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए। स्थायी समाधान करना चाहिए। **–अंबर**

# युवती को अगवा कर दुष्कर्म की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** क्योलड़िया थाना क्षेत्र में एक युवती को अगवा कर दुष्कर्म की कोशिश की गई। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घटना बुधवार रात की है। बताते हैं कि गांव के विवेक और उसके दो साथियों ने युवती को फोन कर घर के बाहर बुलाया। उसे जबरन बाइक पर बैठाकर साथ ले गए। आरोप है कि वहां आरोपी उसके साथ छेड़छाड़ कर दुष्कर्म की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह युवती जंगल के रास्ते भागकर ग्राम नवादा इकरामुल्ला के पूर्व प्रधान के घर पहुंची और आपबीती बताई।

### छात्रा को बहला-फुसला कर भगाने का आरोप

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज में नाबालिग छात्रा को पड़ोस के किराये के मकान में रहने वाले अजीत बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। छात्रा के माता-पिता ने बताया कि उनकी बेटी बुधवार सुबह स्कूल पढ़ने गई थी, लेकिन छुट्टी होने के बाद भी घर नहीं लौटी। तलाश करने पर पता चला कि अजीत ने उसे अपने साथ ले लिया है। इस घटना में उसके पिता जितेंद्र पटेल और मां अंजलि के भी शामिल होने की जानकारी मिली। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# युवक पर जानलेवा हमला करने में तीन लोगों को 10 वर्ष कारावास

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** 11 वर्ष पहले मामूली विवाद में युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश-3 अभय श्रीवास्तव ने परीक्षण में थाना फरीदपुर के भरत पडेरा रोड निवासी पंकज सक्सेना, विपिन थापा, थाना बारादरी के नवादा शेखान क्षेत्र के राजीवनगर निवासी अवधेश को परीक्षण में दोषी पाते हुए प्रत्येक को 10-10 वर्ष कठोर कारावास और 12500-12500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील हेमेंद्र गंगवार ने बताया कि बारादरी डोहरा गौटिया निवासी करुणाकर रत्ननायके उर्फ करन ने थाना बारादरी में तहरीर देकर बताया था कि 26 दिसम्बर 2015 को करीब 11 बजे रुहेलखंड कॉलेज कैम्पस में प्राइवेट फॉर्म की जानकारी करने गया था, तभी मेरा कंधा पंकज सक्सेना से टकरा गया। इसपर वह लड़ाई पर आमादा हो गया और गालियां देने लगा। शोर शराबा होने पर दोस्त मधुकर यादव व मुकेश यादव ने बीच बचाव करा दिया। कुछ समय बाद वह अपना फॉर्म जमा करने जा रहा था तो पंकज अपने साथियों के साथ आया और मारपीट करने लगा। हम जान बचाकर भागने लगे लेकिन उन लोगों ने दोस्त मधुकेश को घेर लिया और जान से मारने की नियत से उसके सिर में लाठी मार दी जिससे उसके सिर से खून बहने लगा और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। भीड़ देखकर हमलावर भाग गये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 9 गवाह पेश किये थे।

### गैंगस्टर ने कबूला जुर्म, 2 वर्ष कैद, 5 हजार जुर्माना

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** नवाबगंज थाने के गैंगस्टर धमीपुर निवासी मुकेश कुमार ने स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट कोर्ट तबरेज अहमद के समक्ष जुर्म कबूल कर लिया। अदालत ने दो वर्ष कठोर कारावास और 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की रकम अदा न करने पर 7 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सरकारी वकील दिगम्बर पटेल ने बताया कि नवाबगंज क्षेत्र में चोरी, डकैती, पशुओं की तस्करी में लिप्त होने के कारण पुलिस ने 13 सितंबर 2019 को गैंग लीडर सोमपाल शर्मा के साथ कुल 9 सदस्यों के विरुद्ध गैंगस्टर कार्रवाई की थी। मुकेश गैंग का सक्रिय सदस्य था।

# कोर्ट के आदेश की अवहेलना पर इंस्पेक्टर के विरुद्ध अर्जी

विधि संवाददाता, बरेली

● किरायेदार से 24 घंटे में दुकान खाली कराने के आदेश को बीते दो महीने

● लघुवाद न्यायाधीश के समक्ष अर्जी देकर की कार्यवाही की याचना

**अमृत विचार:** किरायेदार से 24 घंटे में कब्जा हटवाए जाने का आदेश दिये हुए अदालत को दो माह से ज्यादा समय व्यतीत होने के बाद भी थाना बारादरी पुलिस कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करा सकी। इस पर वादिनी मुकदमा मॉडल टाउन की शहदाना कॉलोनी निवासी दर्शन सचदेवा ने लघुवाद न्यायाधीश के समक्ष अर्जी देकर प्रभारी निरीक्षक थाना बारादरी के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की याचना की है।

वादिनी के अधिवक्ता शशिकान्त शर्मा ने बताया कि किरायेदारी अधिनियम के तहत किरायेदार से दुकान खाली कराये जाने बाबत दर्शन सचदेवा ने न्यायालय में वाद दायर कर बताया था कि उनकी शहदाना कॉलोनी स्थित दुकान पर परवाना नगर छोटी विहार निवासी जावेद हसन खां किरायेदार ने अनधिकृत रूप से कब्जा कर लिया है। अदालत ने वादिनी के हक में डिक्री जारी करते हुए 8 दिसम्बर 2025 को अमीन को चार दिन में अपनी रिपोर्ट कोर्ट में देने का आदेश देते हुए उल्लेखित किया कि यदि अमीन के द्वारा पुलिस बल से सहयोग मांगा जाता है तो संबंधित थाने की पुलिस आदेश के पालन में सहयोग अवश्य ही प्रदान करेगी। यदि पुलिस के द्वारा कोई सहयोग नहीं दिया जाता है तो संबंधित थानाध्यक्ष के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## दबंगों ने युवक को पीटकर किया घायल पुलिस जांच में जुटी

**बरेली/फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव अगरास में दबंगों द्वारा एक युवक की लाठी-डंडों से पिटाई करने का मामला सामने आया है।

गांव अगरास निवासी शाहिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे वह अपने घर के सामने बैठे थे। इसी दौरान गांव के ही दबंग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और बिना किसी बात के उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल शाहिद को थाने ले गए, जहां से पुलिस ने उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# यात्रियों के गुम 56 मोबाइल बरामद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जीआरपी थाना पुलिस ने अलग-अलग घटनाओं में गुम हुए 56 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिया गया है। गुमशुदा और चोरी हुए मोबाइल पाकर मालिकों के चेहरे पर खुशी से खिल गए। इसमें लाल फाटक इलाके में जोमैटो डिलीवरी ब्वॉय बसंत सिंह का मामला सबसे चर्चा में रहा। जीआरपी सीओ के मुताबिक गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी के लिए पिछले एक महीने से विशेष अभियान चलाया जा रहा था।

लाल फाटक निवासी बसंत सिंह जोमैटो में डिलीवरी बॉय का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि 21 मई 2025 को पहली सैलरी मिली थी। काम की जरूरत को देखते हुए सैलरी मिलते ही 12 हजार रुपये का स्मार्टफोन खरीदा, जो उसके काम-ऑनलाइन ऑर्डर और डिलीवरी के लिए बेहद जरूरी था, लेकिन उसी दिन प्लेटफॉर्म पर डिलीवरी के दौरान फोन चोरी हो गया। बसंत ने बताया कि फोन चोरी होते ही वह बेहद टूट गया क्योंकि यह उसके काम का आधार था। बसंत ने भावुक होकर कहा कि, मेरा पूरा काम मोबाइल से ही चलता है, सैलरी के पैसों से फोन लिया और उसी दिन चोरी होने पर लगा जैसे सब लुट गया। जीआरपी की मदद से आज फोन वापस पाकर उनकी आंखों में खुशी के आंसू थे।



बसंत को फोन लौटाते जीआरपी के अधिकारी। ● अमृत विचार

● पहली सैलरी से खरीदा चोरी हुआ मोबाइल पाकर जोमैटो ब्वाय बसंत की लौटी मुस्कान

● सीओ ने बताया 8.50 लाख कीमत के फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटाया गया

जीआरपी सीओ अनिल कुमार ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बरामद 56 एंड्रॉयड फोन की बाजार कीमत लगभग 8.50 लाख रुपये है। इनमें विभिन्न कंपनियों और मॉडल के मोबाइल शामिल हैं। इन मोबाइलों का पता लगाने के लिए जीआरपी ने बरेली के अलावा बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत और अंबेडकर नगर तक के इलाके शामिल करते हुए सीसीटीवी फुटेज और ट्रैकिंग तकनीकों का इस्तेमाल किया। चोरी या गुम हुए सभी फोन के असली मालिकों को पहचानकर मालिकों को उनके मोबाइल फोन सौंप दिए गए। टीम में जीआरपी थाना प्रभारी सुशील कुमार वर्मा, उप निरीक्षक अनुराग प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल तेजप्रकाश सिंह, मुख्तार आलम, मोहित शुक्ला, कपिल कुमार, अक्षय कुमार, संदीप कुमार, मो. आलम, शिव कुमार, इरफान खान शामिल रहे।

## उधार दिये रुपये मांगने पर युवक को पीटा, कार तोड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** थाना इज्जत नगर क्षेत्र में एक युवक को उधार दिये रुपये मांगना भारी पड़ गया। दो लोगों ने उसे सड़क पर घेरकर पीटा और उसकी कार में तोड़फोड़ की। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

● पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

गांव मुड़िया अहमद नगर निवासी राजीव पटेल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने गांव के ही नेत्रपाल को कुछ समय पहले जरूरत के चलते रुपये उधार दिये थे। लंबे समय तक रकम वापस न मिलने पर जब उन्होंने दबाव बनाया तो आरोपी टालमटोल करने लगा। आरोप है कि 9 फरवरी को राजीव गांव के एक मेडिकल स्टोर के पास से गुजर रहे थे, तभी नेत्रपाल अपने साथी अनिल यादव के साथ वहां पहुंचा और उन्हें रोक लिया। आरोप है कि विरोध करने पर दोनों ने मिलकर राजीव के साथ मारपीट की और उनकी कार में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**बढ़ रहे मरीज** | जिला अस्पताल और 300 बेड अस्पताल में एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगवाने को रोज पहुंच रहे 300 से ज्यादा लोग

# सर्दी में भी गर्म खून के जानवरों ने जमकर बनाया शिकार

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल और 300 बेड अस्पताल में रैबीज की वैक्सीन लगाने वाले शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों से तो लोग आ ही रहे हैं, लेकिन जिन लोगों ने अपने घरों में कुत्ते, बिल्ली और चूहे पाले हुए हैं वह भी अपने पालतू की बाइट का शिकार होकर बड़ी संख्या में एंटी रैबीज वैक्सीनेशन के लिए पहुंच रहे हैं।

रैबीज की वैक्सीन लगाने के लिए तीन सौ बेड अस्पताल के बाद जिला अस्पताल में भी कुछ समय पहले स्टाफ को तैनात किया गया है। यहां पर रोज 100 से 150 लोग वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं। इतने ही लोग 300 बेड अस्पताल में एंटी रैबीज वैक्सीनेशन के लिए पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि जिले में स्ट्रीट डॉग के साथ-साथ चूहा, बिल्ली, नेवले और सियार के भी शिकार होते हैं। इसके साथ ही रोजाना तमाम लोग अपने ही घर में पालतू जानवर की बाइट का शिकार हो जाते हैं। ऐसे लोग भी एहतियातन एंटी रैबीज वैक्सीन के लिए अस्पताल पहुंचते हैं। उन्हें अपने ही पालतू पशु पर भरोसा नहीं होता है, जबकि वह उसका नियमित वैक्सीनेशन का दावा करते हैं।



जिला अस्पताल में बच्चे को एंटी रैबीज वैक्सीन लगाते नर्सिंग ऑफिसर।

● पालतू बिल्ली-डॉग की बाइट से रैबीज की दहशत, वैक्सीन लगाने को लग रही लाइन

● मासूम बच्चे की अंगुली चबा गया पालतू चूहा, स्कूल से आ रही छात्रा पर झपटा कुत्ता

### गर्मी के बराबर ही है सर्दी का आंकड़ा

आमतौर पर कहा जाता है कि गर्मी में स्ट्रीट डॉग अधिक लोगों को शिकार बनाते हैं, लेकिन आंकड़ों में यह बात सही नहीं पाई गई। जिला अस्पताल के आंकड़े बताते हैं कि जितने लोग गर्मी में जानवरों के काटने का शिकार होते हैं, लगभग उतने ही लोग सर्दियों में भी वैक्सीनेशन के लिए अस्पताल में आ रहे हैं।

### सोते समय चूहे ने बच्चे की अंगुली चबाई

दो माह के बच्चे को निकाह में लेकर गई महिला के बच्चे को वहां पल रहे पालतू सफेद चूहे ने ही अपना शिकार बना लिया। रात में सोते समय चूहा मासूम बच्चे की अंगुली को चबा गया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर मां को इसकी जानकारी हुई। शुक्रवार को उसे रैबीज की वैक्सीन लगाई गई है।

"रैबीज की वैक्सीन लगाने के लिए रोज 100 से 150 लोग जिला अस्पताल में आ रहे है। उनका वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इसमें पहली वैक्सीन से लेकर पांचवीं वैक्सीन लेने वाले लोग शामिल हैं। वैक्सीनेशन के लिए पहुंचने वाले आधे लोग अपने पालतू जानवर का शिकार होते हैं। **–मिथलेश कुमार**, नर्सिंग ऑफिसर

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 फरवरी 2026, रविवार
22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें



बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध
गोल्ड मेडलिस्ट
डा.शेख
हर मंगलवार
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

## सिटी ब्रीफ

### थोक उर्वरक विक्रेता प्रशिक्षण आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) के तत्वावधान में शुक्रवार को एक होटल में थोक उर्वरक विक्रेता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि आंचलिक प्रबंधक डीके सिंह ने विक्रेताओं को उर्वरक परिदृश्य पर जानकारी दी। डीके सिंह ने गैर अनुदानित कृषि उत्पादों के विक्रय पर जोर दिया। राज्य प्रबंधक (उत्तर प्रदेश) पंकज विजयवर्गीय ने राज्य की कुल उर्वरक व एबीडी बिक्री में बरेली क्षेत्रीय कार्यालय के महत्वपूर्ण योगदान को सराहा। क्षेत्रीय कार्यालय बरेली के प्रभारी रियाज खान ने कार्यालय की प्रगति पर प्रकाश डाला। खुले संवाद सत्र में विक्रेताओं ने उर्वरक वितरण और बाजार की व्यावहारिक चुनौतियों से संबंधित सवाल पूछे। वित्त एवं लेखा विभाग से अमित गुप्ता, जिला प्रभारी बरेली सुनील मीणा, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### बसंत गीत कराता है आनंद की अनुभूति

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार शाम विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन ब्रज लोक कालोनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा कि बसंत गीत और बसंत से जुड़ी कविताएं हिन्दी साहित्य की अनमोल धरोहर हैं। यह बसंत गीत और कविताएं पाठकों के मन को आनंद की अनुभूति से सराबोर कर देती हैं। बसंत ऋतु में धरती मानो हरियाली चादर ओढ़ लेती है। खेतों में चारों तरफ सरसों के पीले रंग के फूल खिल जाते हैं। वृक्ष नवीन पत्तियां धारण कर लेते हैं। प्रधानाचार्य शिव ओम शर्मा ने कहा कि हिन्दी साहित्य बसंत गीतों से भरा पड़ा है। हिन्दी के सभी प्रमुख कवियों ने बसंत की सुन्दरता पर अपनी लेखनी अवश्य चलाई है। अध्यक्षता प्रांतीय संरक्षक प्रोफेसर केए वार्ष्णेय ने की। संचालन जनपदीय मंत्री विमलेश दीक्षित ने किया। उमेश चन्द्र गुप्ता, डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता, डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, विमलेश चंद्र दीक्षित ने काव्य पाठ किया।

# ट्रामा सेंटर पर करोड़ों खपाए, दो साल के बाद भी शुरू नहीं कर पाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुख्य चिकित्साधिकारी का दावा- बिल्डिंग की जा चुकी है हैंडओवर
- जिला अस्पताल प्रशासन ने नकारा कहा- बिल्डिंग में सुविधाएं नहीं

**अमृत विचार :** ये लापरवाही नहीं तो और क्या है..., जिला अस्पताल परिसर में गंभीर मरीजों के लिए ट्रामा सेंटर बने दो साल बीत चुके हैं, मगर अभी तक उसके संचालन पर संकट के बादल छाए हैं। निर्माण पर चार करोड़ रुपये खपाने के बाद भी सेंटर में ऑक्सीजन जैसी जरूरी सुविधा ही नहीं है। अनदेखी के चलते बिल्डिंग धूल फांक रही है। सेंटर के बाहर ताला लटका हुआ है।

मुख्य चिकित्साधिकारी का दावा है कि ट्रामा सेंटर की बिल्डिंग जिला अस्पताल प्रशासन को हैंडओवर की जा चुकी है, मगर अस्पताल प्रशासन इस बात से इन्कार कर रहा है। फिलहाल, गंभीर मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। बेहतर इलाज के दावे दम तोड़ रहे हैं। जिला अस्पताल में वर्ष 2023 में ट्रामा सेंटर का निर्माण पूरा हो चुका है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि सेंटर में ऑक्सीजन तक की सप्लाई नहीं है। बिना ऑक्सीजन के किसी भी ट्रामा सेंटर को नहीं चलाया जा सकता। इतना ही नहीं बिल्डिंग को फायर विभाग से भी एनओसी नहीं मिली है। यही वजह है कि इस बिल्डिंग को जिला अस्पताल प्रशासन ने अपनी सुपुर्दगी में नहीं लिया है। वहीं ट्रामा सेंटर को चलाने के लिए विभाग की ओर से कई बार शासन को पत्र लिखकर डॉक्टर और स्टाफ की तैनाती की मांग की जा चुकी है, मगर अब तक किसी की भी तैनाती नहीं की गई है।



जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर के भवन में लटका है ताला। ● अमृत विचार

### जिम्मेदारों को नहीं कोई सरोकार

ट्रामा सेंटर के संचालन को लेकर जिला अस्पताल प्रशासन और न ही स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अफसर गंभीर हैं। यही वजह है कि इसके संचालन के प्रयास जमीनी स्तर पर नहीं दिख रहे हैं। अगर सेंटर शुरू हो जाए तो गंभीर मरीजों की जान बचाई जा सकती है। हायर सेंटर भेजने की जगह यहीं पर उनका बेहतर इलाज किया जा सकता है। फिलहाल, अभी यहां पर इलाज के लिए मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

### बिना ऑक्सीजन प्लांट के नहीं चल सकता ट्रामा सेंटर

जिला अस्पताल के अंदर तो ऑक्सीजन प्लांट है, लेकिन ट्रामा सेंटर को सेंट्रलाइज ऑक्सीजन किया जाना है। इसके बगैर वह नहीं चल पाएगा। वहां पर ऑक्सीजन सिलेंडर से काम नहीं किया जा सकता। वहां ऑक्सीजन प्लांट लगाया जाना जरूरी है।

> ट्रामा सेंटर की बिल्डिंग तैयार हो चुकी है। बहुत पहले ही जिला अस्पताल प्रशासन को बिल्डिंग हैंडओवर की जा चुकी है। उसको चलाना जिला अस्पताल प्रशासन का काम है।
> –**डॉ. विश्राम सिंह**, मुख्य चिकित्साधिकारी

> हमें बिल्डिंग नहीं मिली है। वह बिल्डिंग अभी अधूरी है। उसमें अभी तक ऑक्सीजन की सप्लाई तक नहीं है।अधूरी बिल्डिंग में कैसे ट्रामा सेंटर चलाया जा सकता है।
> –**अजय मोहन अग्रवाल**, मंडलीय अपर निदेशक

### बेगूसराय के कृषकों ने सीखी वर्मी कंपोस्ट की तकनीक

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा की ओर से वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन पर 'जय गोपाल' किस्म के केंचुए का रखरखाव विषय पर आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण-सह-प्रदर्शन कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया है। इसमें बिहार के बेगूसराय जिले के 20 कृषकों ने भाग लिया।

संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. रूपसी तिवारी ने किसानों को वर्मी कम्पोस्ट तकनीक को अपने गांवों में अपनाने और तकनीकी प्रसार के वाहक बनने के लिए प्रेरित किया। डॉ. श्रुति ने आभार जताया।

# एसआईआर : राजनैतिक दलों ने लगाई समस्याओं की झड़ी

## विशेष रोल प्रेक्षक ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करके मतदाता सूची तैयार कराने में सहयोग मांगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आंवला भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा - सुनवाई के लिए एईआरओ को क्षेत्रों में भेजा जाए
- सपा के प्रतिनिधि ने कहा, नोटिस सुनवाई केंद्र दूर होने से लोगों को हो रही असुविधा

**अमृत विचार :** विशेष रोल प्रेक्षक संजय कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार दोपहर कलेक्ट्रेट सभागार में बरेली के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने वोट बनने, नोटिसों पर सुनवाई सहित कई समस्याएं उठाईं। विशेष रोल प्रेक्षक ने शंकाओं का निस्तारण कर कहा, समस्या होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी से संपर्क करें।

विशेष रोल प्रेक्षक संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि मतदाता सूची में सही व्यक्ति का नाम छूटे नहीं और कोई गलत का नाम मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि जनता आपके पास समस्याएं लेकर आती है, यदि किसी प्रकार की कोई शंका या समस्या है तो अवगत करा सकते हैं। आंवला के भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने सुझाव दिया कि नोटिस सुनवाई केंद्र पर आने वाले लोगों की संख्या अधिक हो जाती है, लोग कतार में खड़े-खडे.वापस चले जाते हैं, अगर हो सके तो एईआरओ को क्षेत्रों में भी भेजा जाए। बसपा के प्रतिनिधि ने कहा कि ऐसे लोग, जो काम और रोजगार के लिए बाहर चले जाते हैं, उनके वोट बनने में समस्या आ रही है, इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

सपा के प्रतिनिधि ने बताया कि बूथ बढ़ाए गये और एसआईआर में वोट कम हो रहे हैं, यदि सम्भव हो तो मतदाताओं की संख्या के अनुसार बूथ कम किये जाएं। साथ ही कहा कि नोटिस सुनवाई केंद्र काफी दूर होने पर भी लोगों को असुविधा हो रही है। एक ही परिवार के लोगों के वोट अलग-अलग बूथों पर हो गये हैं, जिससे मतदाताओं को असुविधा हो रही है। इस पर उन्हें बताया गया कि फार्म-8 के माध्यम से बूथ बदलवाया जा सकता है। साथ ही नये नाम जोड़े जा रहे हैं, फाइनल पब्लिकेशन के बाद ही मतदाताओं की संख्या पता चलेगी। इसके बाद बूथों के बारे में निर्णय लिया जा सकेगा। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने फार्मेट 9, 10, 11 के विषय में भी जानकारी ली। इस पर बताया गया कि फार्मेट 9 में फार्म 6 की समरी, फार्मेट 10 में फार्म 7 की समरी और फार्मेट 11 में फार्म 8 की समरी है। फार्म 7 को देने वाला व्यक्ति मतदाता होना चाहिए और अपने हस्ताक्षर से ही फार्म 7 को जमा कर सकता है।

विशेष रोल प्रेक्षक ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि यदि कोई समस्या हो तो जिला निर्वाचन अधिकारी से संपर्क कर समस्या के विषय में अवगत कराएं, जिससे समय के अन्तर्गत समस्या का निराकरण हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने आश्वस्त किया कि समस्या होने पर संबंधित ईआरओ या उप जिला निर्वाचन अधिकारी से भी संपर्क कर सकते हैं। बैठक में कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला, सपा के महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी सहित अन्य दलों के प्रतिनिधि के अलावा उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार सहित समस्त ईआरओ उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते विशेष रोल प्रेक्षक संजय कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

### निर्वाचन कार्यों में निष्पक्षता से कार्य करें अधिकारी

**बरेली, अमृत विचार :** भारत सरकार के संयुक्त सचिव एवं विशेष रोल प्रेक्षक संजय कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार सुबह कटरा चांद खां स्थित कंपोजिट अपर प्राथमिक विद्यालय बालजती प्रथम में स्थापित नोटिस सुनवाई केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी से नोटिस सुनवाई संबंधित आंकड़ों के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने फॉर्म 06, 07 एवं 08 की प्रगति की जानकारी ली। 2003 मतदाता सूची में लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी से संबंधित बिंदुओं और लक्ष्य के सापेक्ष धीमी गति से कार्य करने वाले बीएलओ और उन्हें सपोर्ट सिस्टम के बारे में भी पूछा। अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन कार्यों में पूर्णता सुचिता एवं निष्पक्षता से कार्य करें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का गंभीरतापूर्वक मनोयोग से पालन करें। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार आदि एईआरओ सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वैक्सीन और एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस पर गंभीरता से मंथन


वार्षिक सम्मेलन में मौजूद वरिष्ठ वैज्ञानिक और अफसर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईवीआरआई में 26वां इंडियन वेटरनरी कांग्रेस एवं वार्षिक सम्मेलन का समापन

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय अध्यक्ष 26वां इंडियन वेटरनरी कांग्रेस एवं 33वां इंडियन एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ वेटरनरी रिसर्च (आईएएवीआर) वार्षिक सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हो गया। दो दिवसीय इस सम्मेलन में देशभर के तीन सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और डेढ़ सौ से ज्यादा व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।

मुख्य अतिथि डॉ. अमरेश कुमार रहे, जबकि सम्मानित अतिथियों में डॉ. अशोक कुमार मोहंती, निदेशक, केंद्रीय गो-अनुसंधान संस्थान, मेरठ, डॉ. जगवीर सिंह त्यागी, केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान, तथा डॉ. एसके सिंह, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) शामिल रहे। अध्यक्षता डॉ. एसके सिंह ने की। आईएएवीआर के अध्यक्ष एवं संस्थापक सचिव डॉ. एसएन सिंह, आयोजन सचिव डॉ. ऋत्वेंद्र वर्मा एवं डॉ. रविकांत अग्रवाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंशुक शर्मा एवं डॉ. अनीशा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक ने प्रस्तुत किया। आयोजन सचिव डॉ. रविकांत अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन में छह प्रमुख विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ, जिनमें पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन हेतु वैक्सीन और डायग्नोस्टिक्स में प्रगति, एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस एवं वन हेल्थ, वन्यजीव एवं प्रयोगशाला पशु, आयुर्वेद, फार्माकोविजिलेंस एवं पशु उत्पादन तथा उद्योग-शैक्षणिक सहभागिता शामिल रहे।

# जेंडर रेशियो का संतुलन बनाएं कम रहा तो प्रश्नचिह्न लगेगा

**बरेली, अमृत विचार :** भारत सरकार के संयुक्त सचिव एवं विशेष रोल प्रेक्षक संजय कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में मंडलीय समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि नये मतदाताओं को जोड़ने के लिए फार्म-6 की प्रगति पर विशेष ध्यान देने के साथ जेंडर रेशियो के संतुलन को भी बनाएं। जेंडर रेशियो फाइनल पब्लिकेशन के समय आएगा और अगर जेंडर रेशियो कम रहा तो प्रश्नचिह्न लगेगा।

विशेष रोल प्रेक्षक ने कहा कि अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं से संबंधित सूचनाओं का नियमित आकलन कर एएसडी सूची को अपडेट रखें। कोई पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहने पाए। जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ ही ईआरओ स्तर पर भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी शंका समाधान करें और उनकी समस्याओं को जानकर समन्वय बनाएं।

विशेष रोल प्रेक्षक के बरेली की समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि 9 विधानसभाएं हैं। बरेली में नो मैपिंग और लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी की संख्या 579098 है। जनपद शाहजहांपुर की समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर से पूर्व शाहजहांपुर में मतदाता सूची के अनुसार जेंडर रेशियो 8.60 था, जो अब कम होकर 8.00 पर आ गया है, जिस पर ध्यान देने के निर्देश दिये। अवगत कराया कि जनपद में 170 एईआरओ नियुक्त हैं। ईआरओ को राजनैतिक दलों के साथ समन्वय स्थापित कर नियमित रूप से बैठकें करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारियों में बरेली के अविनाश सिंह, बदायूं के अवनीश राय, पीलीभीत के ज्ञानेन्द्र सिंह, शाहजहांपुर के धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, चारों उप जिला निर्वाचन अधिकारी, और मंडल के ईआरओ उपस्थित रहे।

# तहसील बहेड़ी और आंवला में फॉर्मर रजिस्ट्री ज्यादा लंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली


कलेक्ट्रेट सभागार में फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक करते डीएम।

- जिलाधिकारी ने फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर समीक्षा बैठक की

**अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने शुक्रवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक की। तहसीलवार समीक्षा के दौरान तहसील बहेड़ी और आंवला में फॉर्मर रजिस्ट्री ज्यादा लंबित होने पर जिलाधिकारी ने विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा कि सभी अधिकारी फॉर्मर रजिस्ट्री लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करें। तहसीलें स्टेट औसत से जिले के औसत को ऊपर लाने प्रयास करें। सभी एसडीएम और डीडी कृषि को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी सीएससी केंद्रों का भी फॉर्मर रजिस्ट्री करने में सहयोग करें। उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जन सुविधा केंद्र प्रभारियों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित कर कार्य में प्रगति लाएं। प्रत्येक तहसील में सीएससी केन्द्रों का एक नोडल अधिकारी बनाएं, जिसकी मदद से फार्मर रजिस्ट्री को बढ़ाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि फॉर्मर रजिस्ट्री में लेखपाल, अमीन, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, एडीओ पंचायत, एडीओ कृषि सहित अन्य कर्मचारियों को लगाकर शेष कार्य पूरा कराएं। उप निदेशक कृषि की ओर से बिना अनुमति लिए 16 टेक्निकल सहायक और एग्री टेक्निकल मैनेजरों को रहमान खेड़ा में ट्रेनिंग के लिए भेजे जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उपनिदेशक कृषि को क्रियाशील होकर फॉर्मर रजिस्ट्री के शेष कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, सभी उप जिलाधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# बढ़ते सोने-चांदी के भाव से सर्राफा व्यापारियों में सुरक्षा की चिंता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- यूपी सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल एडीजी से मिला
- व्यापारियों ने वर्षों पुरानी गिरवी मामलों में स्पष्ट एसओपी जारी करने पर दिया जोर

**अमृत विचार :** यूपी सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल महानगर अध्यक्ष संजीव अग्रवाल की अगुवाई में शुक्रवार को एडीजी रमित शर्मा से मिला और सर्राफा व्यापारियों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया।

मंडल अध्यक्ष विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि आईपीसी की पूर्व धारा 411 और वर्तमान बीएनएस की 317 धारा में स्पष्ट नियमावली न होने के कारण कई बार ईमानदार सर्राफा व्यापारियों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि व्यापारियों के हित में स्पष्ट एसओपी दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। जिलाध्यक्ष सुशील बंसल ने कहा कि ऐसे मामलों में जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों की समिति बनाई जाए, जिसमें व्यापारियों के प्रतिनिधि शामिल हों, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और वास्तविक दोषियों को सजा मिल सके। प्रदेश अध्यक्ष अनिल पाटिल ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस देने की आवश्यकता बताई। महानगर अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि सोने-चांदी के बढ़ते भाव के कारण 10-15 वर्ष पुराने गिरवी के मामलों में कुछ लोग व्यापारियों को परेशान कर रहे हैं, जिससे बाजार में व्यापारी और ग्राहकों के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। ऐसे मामलों के लिए व्यापारी और ग्राहकों के लिए आवश्यक मार्गदर्शक नियम होने चाहिए। एडीजी ने व्यापारियों से कहा कि उन्होंने डीआईजी को इस मामले में जानकारी भेज दी है और जल्द ही समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। उमेश वर्मा, भूपेश अग्रवाल, असित रस्तोगी, दयाशंकर वर्मा, राहुल रस्तोगी, मनीष अग्रवाल सहित कई सर्राफा व्यापारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संघर्ष पदयात्रा निकाली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में किए गए बदलावों के विरोध में जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को शहर में मनरेगा बचाओ संघर्ष पदयात्रा निकाली। इस दौरान कांग्रेसियों ने मनरेगा के समर्थन में नारे लगाए।

जिलाध्यक्ष अशफाक सकलैनी ने कहा कि भाजपा गांधीजी के नाम और उनके मूल्यों को हाशिये पर डालने की कोशिश कर रही है, जो देशहित में नहीं है। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि जिन महात्मा गांधी को पूरा विश्व सम्मान देता है, यदि उसी देश में उन्हें आवश्यक सम्मान न मिले तो यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। पदयात्रा के पर्यवेक्षक ओमकार सिंह ने चेतावनी दी कि अगर सरकार का रवैया नहीं बदला तो जनता लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देगी और सरकार को परिणाम भुगतने होंगे। कांग्रेस का यह आयोजन मनरेगा के समर्थन और उसकी मौलिक भावना की रक्षा के लिए चल रही व्यापक मुहिम का हिस्सा है, जिसमें देशभर में पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ता सक्रिय हैं। यह पदयात्रा बदायूं रोड स्थित पराग डेरी से आरंभ हुई, जो करगैना बाजार, जागृति नगर व सुभाष नगर होते हुए चौकी चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रेम प्रकाश अग्रवाल, केबी त्रिपाठी, पंडित राज शर्मा, सुबोध जौहरी, पूनम दीप, देवेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, विनोद कुमार, जितेंद्र नजमी, जोया खान, राजीव सिंह, बाबू, सुरेश वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि, सुरजीत सिंह, साहिब सिंह, डॉ. इरफान अंसारी, रमेश श्रीवास्तव, मयंक,आरिफ शेख, सैयद मतलब अली अकरम खान, अनुज राठौड़, हरीश गंगवार, आरिफ खान, सैयद साहब आदि मौजूद रहे।



पदयात्रा में पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। ● अमृत विचार

- कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना
- मनरेगा में बदलावों के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

# भूमि उपलब्ध न होने से बड़ी स्वास्थ्य परियोजना लखनऊ शिफ्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सांसद नीरज मौर्य के लोकसभा में पूछे सवाल पर स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने दिया जवाब

**अमृत विचार :** बरेली में प्रस्तावित बड़ी स्वास्थ्य परियोजना भूमि उपलब्ध न होने के कारण लखनऊ स्थानांतरित कर दी गई। आंवला सांसद नीरज मौर्य के संसद में पूछे प्रश्न के जवाब में स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने जवाब दिया है।



उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत बरेली में बनने वाला क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक और एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला परियोजना में 2021 से 2026 तक उत्तर प्रदेश के लिए स्वीकृत 75 प्रयोगशालाओं और 74 गहन चिकित्सा ब्लॉकों की सूची में बरेली का नाम था। लेकिन, जमीन न मिलने के कारण इस प्रोजेक्ट को लखनऊ शिफ्ट करना पड़ा। सांसद नीरज मौर्य ने इसे स्थानीय प्रशासन की बड़ी विफलता करार दिया है। सांसद ने प्रतिबद्धता जताई कि वह प्रदेश सरकार से मिलकर इस योजना को वापस बरेली लाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि बजट आवंटन और क्रियान्वयन के बीच की खाई को पाटना जरूरी है।

इसके अलावा स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने जिले में मलेरिया, डेंगू और जापानी एन्सेफलाइटिस जैसी बीमारियों की निगरानी के लिए पोर्टल के उपयोग की बात कही है, जिसे सांसद ने जमीनी हकीकत से अलग बताया है।

सांसद ने कहा कि तराई क्षेत्र होने के कारण यहां संक्रमण का जोखिम हमेशा बना रहता है। क्रिटिकल केयर ब्लॉक न होने से गंभीर मरीजों को अब भी दिल्ली या लखनऊ की दौड़ लगानी होगी। डायलिसिस और कीमोथेरेपी सेवाओं के विस्तार पर भी केंद्र ने गेंद राज्य सरकार के पाले में डाल दी है।

# महाशिवरात्रि : आस्था और इतिहास के संगम हैं सात नाथ मंदिर

## भोलेनाथ के अभिषेक के लिए तैयार किए जा रहे नाथ मंदिर, रंगाई-पुताई के साथ ही कराई जा रही सफाई, श्रद्धालु उत्साहित



महाशिवरात्रि को लेकर पशुपति नाथ मंदिर में चल रहीं तैयारियां। ● अमृत विचार



धोपेश्वर नाथ मंदिर में की जा रही साफ-सफाई। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सातों नाथ मंदिरों में मध्यरात्रि के बाद करीब 3 बजे से खुलेंगे कपाट

**अमृत विचार :** बरेली शहर न केवल अपने व्यापार और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि इसे नाथ नगरी के रूप में भी वैश्विक पहचान मिली हुई है। शहर के चारों ओर स्थित सात प्राचीन शिव मंदिर न केवल करोड़ों भक्तों की आस्था के केंद्र हैं, बल्कि इनका इतिहास महाभारत काल की गाथाओं को भी समेटे हुए है।

अमृत विचार की टीम ने शुक्रवार को 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाए जाने को लेकर सातों नाथ मंदिरों की व्यवस्था परखी। इस दौरान मंदिरों में समितियां तैयारियां कराते हुए मिलीं। मंदिर में रंग-पुताई के साथ साज-सज्जा कराई जा रही हैं। मंदिरों की फूलों से सजावट की जा रही हैं। महाशिवरात्रि के पर्व पर रात से ही भक्तों की लंबी-लंबी लाइनें लगना शुरु हो जाएगी। शहर के सात नाथ मंदिर पशुपतिनाथ मंदिर, वनखंडीनाथ मंदिर, धोपेश्वरनाथ मंदिर, तपेश्ववरनाथ मंदिर, मढ़ीनाथ मंदिर, अलखनाथ मंदिर, त्रिवटीनाथ मंदिर में देर रात 3 बजे से ही भक्तों के दर्शन के लिए कपाट खोल दिए जाएंगे। सभी शिवालयों में रुद्राभिषेक के साथ महायज्ञ और शाम को नगर में शिव बारात निकलेगी।

पशुपतिनाथ मंदिर के पुजारी मुकेश मिश्रा ने बताया कि मंदिर में सारी तैयारियां पूरी कर ली गई। महाशिवरात्रि के मौके पर शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, वनखंडीनाथ मंदिर के पुजारी केदारपुरी ने बताया कि मंदिर परिसर में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जाएगा। इसके बाद श्रृंगार करके के शिव बारात नगर में निकलेगी। बरात के निमंत्रण के लिए शादी का कार्ड भी छपवाया गया।

### त्रिवटीनाथ मंदिर में मां भवानी मंदिर का निर्माण पूरा, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 16 से 20 तक

- मंदिर का निर्माण आधुनिक शिल्प शैली और गुलाबी जयपुरी पत्थरों से किया गया

**बरेली अमृत विचार :** बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर परिसर में मां भवानी का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। मंदिर सेवा समिति की ओर से नवनिर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 16 से 20 फरवरी तक भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। मंदिर का निर्माण आधुनिक शिल्प शैली और गुलाबी जयपुरी पत्थरों से किया गया है। मंदिर की नक्काशी में अयोध्या के श्री राममंदिर की पत्थर कारी की झलक दिखाई देती है। मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने बताया कि शिवालय में पूर्व से विराजित नवदुर्गा स्वरूपों को अब इस नवनिर्मित मंदिर में स्थापित किया जा रहा है। यहां मां भवानी का सिंह वाहिनी स्वरूप भक्तों के आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। साथ ही, परिसर को महाकाल स्वरूपों, शिव बरात, राम दरबार और राधा-कृष्ण की कलात्मक म्यूरल आकृतियों से सजाकर एक दिव्य धार्मिक अनुभव देने का प्रयास किया गया है। मंदिर सेवा समिति के मंत्री प्रताप चंद्र सेठ के नेतृत्व में 12 माह में यह निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। महोत्सव के अंतर्गत 16 से 19 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह पूजन, जबकि 20 फरवरी को मुख्य प्राण प्रतिष्ठा और महाआरती का आयोजन होगा।



मां भवानी का मंदिर।

### शहर के प्रमुख सात मंदिरों की मान्यता

**अलखनाथ मंदिर :** किला क्षेत्र स्थित अलखनाथ मंदिर का इतिहास 6500 वर्षों से भी पुरातन माना जाता है। अलखनाथ मंदिर 84 बीघा क्षेत्रफल में स्थापित है। मुगलकाल के दौरान जब सनातन संस्कृति पर संकट आया। तब बाबा अलखिया ने यहां कठोर तपस्या कर शिवलिंग की स्थापना की थी। उनके तपोबल के कारण ही विदेशी आक्रांता इस क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सके। बाबा अलखिया के नाम पर ही मंदिर का नाम अलखनाथ रखा गया। मंदिर में 40 दिनों तक जल चढ़ाने की विशेष महत्ता है। मंदिर परिसर में ही 51 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा आस्था और आकर्षण का केंद्र बनती है।

**त्रिवटीनाथ मंदिर :** प्रेमनगर क्षेत्र में स्थित बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर का विवरण विक्रम संवत 1474 से सरकारी लेखों में सहज उपलब्ध मिलता है। मंदिर की मान्यता एक चरवाहे की कथा से जुड़ी है। मंदिर के चारों ओर कभी सघन वृक्षों से घिरा जंगल हुआ करता था। तीन वट वृक्षों के नीचे एक चरवाहा गहरी नींद में सो रहा था। सोते हुए उसे लगा कि कोई उसे उठा रहा है। भगवान शिव ने तीन वट वृक्षों के नीचे चरवाहा को दर्शन दिए। उनके सामने ही खुदाई के दौरान यहां शिवलिंग प्रकट हुआ। इसकी चर्चा चारों ओर फैल गई। इसके कारण मंदिर का नाम त्रिवटीनाथ पड़ा। मान्यता है कि यहां जो श्रद्धालु नंदी के कान में अपनी मनोकामनाएं कहते हैं। उसकी सभी मनो आकांक्षाएं पूर्ण होती हैं।

**वनखंडीनाथ मंदिर :** जोगी नवादा क्षेत्र स्थित वनखंडीनाथ मंदिर महाभारत काल की याद दिलाता है। मंदिर का इतिहास 5 हजार साल पुराना द्वापर युग के समकक्ष माना जाता हैं। वनखंडीनाथ मंदिर में कई संतों और सन्यासियों ने कठोर तप किया और कुछ मंदिर में ही समाधिस्थ भी हुए। पांचाल देश के राजा महाराज द्रुपद की कन्या राजकुमारी द्रौपदी ने अपने राजगुरु के आदेश पर विधिवत पूजा-अर्चना कर यहां शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की थी। माना जाता है कि उस समय गंगा नदी यहां से होकर गुजरती थी। वन में स्थित होने के कारण इस मंदिर का नाम वनखंडी नाथ पड़ा। वर्तमान में पंचदशनाम जूना अखाड़ा की ओर से मंदिर में पूजा अर्चना की जाती है। मंदिर प्रांगण में प्राचीन गौशाला भी है। मंदिर में प्रत्येक वर्ष रामलीला का मंचन किया जाता है।

**धोपेश्वरनाथ मंदिर :** कैंट क्षेत्र के सदर बाजार में स्थित धोपेश्वरनाथ मंदिर त्रेता युग में अत्रि ऋषि के शिष्य धूम्र ऋषि जो पांडवों के गुरु थे। उन्होंने यहां तप किया। तप पूरा होने के बाद भगवान शिव ने उन्हें दर्शन देकर वरदान मांगने को कहा। तब धूम्र ऋषि ने भगवान को यहां स्थापित होकर अपने भक्तों के कल्याण करने के लिए कहा। इस पर भगवान यहां शिवलिंग के रूप में स्थापित हुए। शिवलिंग धोपेश्वरनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ। यह मंदिर अपनी अलौकिक शक्तियों के लिए जाना जाता है।

**मढ़ीनाथ मंदिर :** मढ़ीनाथ क्षेत्र में स्थित मढ़ीनाथ मंदिर प्राचीन पांचाल नगरी का हिस्सा है। मंदिर का इतिहास लगभग 800 वर्ष पुराना है। मान्यता है, कि एक तपस्वी की ओर से यहां कुआं खोदते समय शिवलिंग प्रकट हुआ था। शिवलिंग पर एक मणिधारी नाग लिपटा हुआ था। यहां मंदिर की स्थापना कराई गई। मणिधारी नाग के कारण ही मंदिर का नाम मढ़ीनाथ रखा गया। यहां 1960 तक शिवलिंग से दूध निकलने की बात कही जाती है।

**तपेश्वरनाथ मंदिर :** सुभाषनगर क्षेत्र स्थित तपेश्वरनाथ मंदिर को साधु संतों की तपोभूमि माना जाता है। मंदिर का पौराणिक इतिहास 5 हजार साल पुराना माना जाता है। पहले यहां एक वन था। इसमें कई संतों के साथ भालू बाबा ने 400 वर्षों तक यहां कठोर तप किया। संतों की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव प्रकट हुए और यहां विराजमान हुए। इसके बाद मंदिर का नाम तपेश्वरनाथ मंदिर रखा गया। मंदिर के वर्तमान स्वरूप को वर्ष 2003 में पूर्ण किया गया।

**पशुपतिनाथ मंदिर :** पीलीभीत बाईपास पर स्थित यह मंदिर नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है। मंदिर में नेपाल के पशुपतिनाथ के समान ही भव्य पंचमुखी शिवलिंग है। मंदिर का निर्माण समाजसेवी जगमोहन सिंह ने कराया था। मंदिर में एक मुख्य शिवलिंग के साथ 108 छोटे शिवलिंग स्थापित हैं। मंदिर को पैगोडा शैली में बनाया गया है। जो तालाब के मध्य स्थित होने के कारण अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करते हैं। परिसर में एक कैलाश स्वरूपी पर्वत है, जिसमें 1101 नर्मदेश्वर शिवलिंग हैं।

## सिटी ब्रीफ

### शिविर में 75 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान

**बरेली, अमृत विचार :** श्री वैष्णो देवी बुआ दाती संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में स्थानीय झिड़ी धाम आश्रम में शुक्रवार को 75 से अधिक श्रद्धालुओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। सतगुरु महाराज के आदर्शों, संस्कार और रक्तदान करने की प्रेरणा का श्रद्धालुओं में रक्तदान के लिए उत्साह दिखाई दिया। शिविर आईएमए की तरफ से डॉ. पारुल व अर्चना दुआ की देखरेख में हुआ। भंडारे का भी आयोजन हुआ। शिविर सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर 2 बजे तक चला। डॉ. योगेश शंकधार, डॉ. दिनेश विश्वास ने मरीजों को दवाइयां वितरित कीं। संजीव सोई, प्रेम भाटिया, राजीव साहनी, सुरेंद्र खत्री, संजय चावला का योगदान रहा।

### छात्रों को बेंच और टेबल उपलब्ध कराईं

**बरेली, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब ऑफ बरेली साउथ ने शुक्रवार को संजय नगर स्थित श्री साई शिशु मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था के तहत दो कक्षाओं के लिए बेंच और स्टडी टेबल उपलब्ध कराईं। प्रेसिडेंट प्रीति जिंदल ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। सचिव मनीषा पांडे और पीडीसी रेनू अग्रवाल ने बच्चों को फ्रूटी, चिप्स व मिठाइयां वितरित कीं। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षकों को ईको-फ्रेंडली बैग और अल्पाहार भेंट किए। प्रीति खनिजों, बबीता कपूर, मनीषा मेहरा, रति गुप्ता, बीना खंडेलवाल, ममता तनेजा, सीमा अग्रवाल, डॉ नीलू मेहरोत्रा मौजूद रहीं।

# 'बोरो होर मर चुका है' नाटक में विकास के नाम पर इंसानियत खोते समाज को दिखाया आइना

- विंडरमेयर थिएटर फेस्टिवल में मुंबई के अर्थ थिएटर के कलाकारों ने किया मंचन

कार्यालय संवाददाता, बरेली


विंडरमेयर थिएटर में नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विंडरमेयर थिएटर फेस्टिवल के पांचवें दिन मुंबई से आए अर्थ थिएटर के कलाकारों ने शुक्रवार देर शाम ''बोरो होर मर चुका है'' नाटक का मंचन किया। आदिवासियों से भेदभाव के विषय पर बात करती यह प्रस्तुति दक्षिण अफ्रीकी नाटक ''सिजवे बान्जी इज डेड'' पर आधारित है, जिस एथॉल फुगार्ड ने वहां के दो जाने-माने अभिनेताओं (जॉन कानी और विंस्टन नित्शोना) के साथ मिलकर लिखा था।

दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद और भारतीय समाज में आदिवासियों से भेदभाव की कड़ी जोड़ने का काम युवा कलाकार गगन श्रीवास्तव ने किया है, जो नाटक के निर्देशक भी हैं और इसमें अभिनय भी करते हैं। ''बोरो होर मर चुका है'' एक ऐसे आदिवासी की कहानी है, जिसे यह तय करना है कि वो सचमुच जिंदा रहना चाहता है या उसे कागजों पर भी अपना वजूद बचाए रखना है। यह नाटक एक ऐसे समाज को आईना दिखाता है जहां विकास की कीमत इंसानियत से चुकाई जाती है, जहां रोजी-रोटी की तलाश में घर से पलायन करने वाले आदिवासी अपनी पहचान खोकर जिंदा रहने को मजबूर हैं। लिहाजा, बोरो होर खुद ही घोषणा कर देता है कि वो मर चुका है। गगन श्रीवास्तव, संजय के. साहु और जयहिंद कुमार ने सधे हुए अभिनय से नाटक को बेहद प्रभावी बनाया। गीत-संगीत मोहन सागर का है, जिसे चिन्मय मुनघाटे ने स्वर दिया है। प्रसून भार्गव ने परकशन और अभि श्रीवास्तव ने साइड रिदम दी। कोरस में देबाश्री भट्टाचार्य, ऋषिकेश कदम, सुधांशु गिरि और किरण साहु ने स्वर दिए। उज्जवल कुमार की सीनोग्राफी और पूजा शेडे की कोरियोग्राफी ने प्रस्तुति को और प्रभावी बनाया। गोपाल मिश्रा ने सहायक निर्देशक और प्रोडक्शन मैनेजर की जिम्मेदारी निभाई। लाइट ऑपरेशन गोपाल मिश्रा और साउंड ऑपरेशन ध्रुवि गांगिल ने किया।

# कथाओं को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भगवान शैलजा नारायण के प्राकट्योत्सव पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**अमृत विचार :** विलय ज्ञान धार्मिक संस्था की ओर से शैलजा नारायण का प्राकट्योत्सव सप्ताह विभिन्न आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया। मुख्य प्राकट्य दिवस मॉडल टाउन स्थित हरिमंदिर बरातघर में मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत नारायण वंदना से हुई। प्राकट्योत्सव सप्ताह के दौरान विलयज्ञान, आध्यात्मिक परिचर्चा, विचारगोष्ठी और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से गृहस्थ जीवन में रहते हुए भक्ति और आध्यात्मिक साधना का सरल मार्ग बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि गृहस्थ धर्म का पालन करते हुए भी भगवान की प्राप्ति संभव है, जिसे विभिन्न भक्तों के उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। मुख्य दिवस पर मंत्रगायन, स्तुति, दोहे, नृत्य व सांस्कृतिक नाटिकाओं की प्रस्तुति हुई। भगवान विनम्रता से भक्त के ऋणी बनते हैं जैसे विषयों पर आधारित मंचन ने दर्शकों को आकर्षित किया। मानव और भक्ति के संबंध, भगवान के अवतार और भक्तों की कथाओं को भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया गया।


कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ● अमृत विचार

# नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की

- श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**बरेली, अमृत विचार :** पंजाबी महासभा महिला इकाई और मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में श्री हर मिलाप शिव शक्ति मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन नंदोत्सव मनाया गया। मंदिर परिसर नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए।

वृंदावन से पधारे कथाव्यास स्वामी वरुण दास ने कहा कि प्रभु प्राप्ति के मार्ग में आने वाले कष्टों को भी श्रद्धा से स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि जीवन की समस्त घटनाएं नियति के अनुसार घटित होती हैं। महिला इकाई की अध्यक्ष मनीषा आहूजा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक संस्कारों को बढ़ावा देना और आध्यात्मिक जागरूकता फैलाना है। मुख्य यजमान डॉ. आनंद और रचना आनंद रहे। मंदिर समिति के अध्यक्ष राम सेठी और महिला मंडल ने कथा टीम का भव्य स्वागत किया। भावना सेठी, सिम्मी आनंद, पूनम अरोरा, पूजा नारंग, पवन नारंग, बलविंदर कौर, सोनिया सेठी, सुमन अरोरा, रचना आनंद, कृष्णा नागपाल, रंजु अदलखा, पंडित शिव शंकर शंखधार, पंडित दिवाकर, रश्मि सरपाल, संजय आनंद, अमित अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।


श्रीमद्भागवत कथा में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### महादेव-गौरी विवाह महोत्सव में हल्दी व मेहंदी कार्यक्रम हुआ



**बरेली, अमृत विचार :** प्राचीन काली देवी मंदिर चाहवाई समिति के तत्वाधान में शुक्रवार शाम ''महादेव-गौरी'' विवाह महोत्सव के अंतर्गत हल्दी एवं मेहंदी कार्यक्रम उल्लास और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। मांगलिक उत्सव में क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। पारंपरिक मंगल गीतों और भजनों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। शिव और माता पार्वती की झांकी मनमोहक और अलौकिक प्रतीत हो रही थी। श्रद्धालुओं ने झांकी पर पुष्प वर्षा की।

# खांसी-जुकाम के साथ बढ़ रहे वायरल के मरीज

- डाक्टर बोले भाप लें, लगाएं मास्क, वर्ना बना रहेगा बीमारी का खतरा

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम में बदलाव के साथ जिला अस्पताल में सर्दी-खांसी और वायरल के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। आंकड़े भी यही बता रहे हैं। जनवरी की तुलना में फरवरी माह की शुरुआत में ही ऐसे मरीजों की संख्या दोगुनी पहुंच गई है। मौसम बदलने लगा है। सुबह हल्की ठंड, दिन में धूप और रात को फिर मौसम सर्द हो जाता है। इसकी वजह से लोग खांसी, जुकाम और वायरल की चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं, पैथोलॉजी में रक्त की जांच करने वालों की संख्या पिछले महीने की तुलना में दोगुनी हो गई है। जनवरी में यहां लगभग 200 लोग रोज आ रहे थे। वहीं, इस महीने की शुरुआत में 350 से 400 लोग रक्त जांच के लिए पहुंच रहे हैं। अधिकतर लोगों को वायरल इंफेक्शन की शिकायत सामने आ रही है। जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. अक्षत का कहना है कि बदलते मौसम में बीमारियों से बचाव को सावधानी बरतें, घर पर घर पानी में नमक डालकर भाप लें। जब भी घर से बाहर जाएं तो मास्क का इस्तेमाल करें।

# रुपये रखे तो उत्तर पुस्तिका होगी सील

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नकल रोकने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जारी किए कड़े निर्देश
- कक्ष निरीक्षकों की जिम्मेदारी तय, निगरानी में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारियां चल रही हैं। उत्तर पुस्तिका में रुपये रखने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में बोर्ड सचिव ने जिला विद्यालय निरीक्षण को पत्र भेजकर निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों को पहले ही सूचित कर दें, यदि उत्तर पुस्तिका में रुपये मिलते हैं तो उसे नकल की श्रेणी में मानते हुए सील कर दिया जाएगा।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि उत्तर पुस्तिका में रुपये मिलने पर न केवल परीक्षार्थी बल्कि उस कक्ष निरीक्षक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी, जो निगरानी में लापरवाही बरतेगा। इसके पीछे बोर्ड का मानना है कि परीक्षा केंद्र में निगरानी की मुख्य जिम्मेदारी कक्ष निरीक्षक की होती है, इसलिए उनकी भूमिका को गंभीरता से लेना आवश्यक है। डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि हाल के वर्षों में कुछ परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका में पैसे छुपाकर अनैतिक प्रयास करते पाए गए हैं, जिसे लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कड़ी निंदा की है। परिषद ने कहा है कि परीक्षा की निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की नकल या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निर्देश परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# 36 खिलाड़ियों को मिले ट्रैकसूट

**बरेली, अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें 36 खिलाड़ियों को ट्रैकसूट प्रदान कर सम्मानित किया गया। संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार, मंडलीय उप शिक्षा निदेशक मुन्ने अली, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार, मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम अहमद, प्रधानाचार्य ओम प्रकाश राय, उप प्रधानाचार्य कुसुमलता राजपूत आदि मौजूद रहे।

**दिखाया दमखम** | रुविवि में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न

# 100 और 200 मीटर दौड़ में अभिषेक विजेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- महिला वर्ग में 100 और 200 मीटर रेस में नेहा रहीं प्रथम

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्व विद्यालय के 51वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को बालक-बालिकाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें विद्यार्थियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गई।

पुरुष वर्ग 100 और 200 मीटर रेस में एमए के अभिषेक, 400 मीटर में सीएच के शिवम प्रथम रहे। पुरुष वर्ग कबड्डी में फार्मा की टीम विजेता रही। वालीबॉल में मास्टर्स की टीम विजेता रही। बैडमिंटन एकल प्रतियोगिता में एमई के यश वर्धन और टेबल टेनिस में बीटेक के हर्षित माथुर विजेता रहे। वहीं, महिला वर्ग में 100 और 200 मीटर रेस में योगा की नेहा विजेता रहीं। 400 मीटर दौड़ में योगा की पिंकी अस्थाना प्रथम रहीं। महिला वर्ग कबड्डी में इंजीनियरिंग की टीम विजेता रही। बैडमिंटन में बीटेक ईआई की आकांक्षा विजेता रहीं। टेबल टेनिस में बीफार्मा की दीपांशी शर्मा विजेता रहीं। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि हमारे विद्यार्थी ही हमारे संस्थान के सच्चे राजदूत हैं। उनकी उपलब्धियां ही विश्वविद्यालय की पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक खेल के लिए विद्यार्थियों को ही स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया जाएगा, जो अपनी-अपनी टीम का गठन करेंगे तथा प्रतिदिन नियमित अभ्यास सुनिश्चित करेंगे। क्रीड़ा सचिव ने कहा कि इस वर्ष छात्रों की भागीदारी अत्यंत सराहनीय रही। विजेता एवं उपविजेताओं को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।



विजेता टीम के साथ कुलपति प्रो. केपी सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

## सिटी डायरी



### विद्यार्थियों के लिए विशेष फिल्म प्रदर्शन का आयोजन किया

**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली चेंबर ने शुक्रवार दोपहर 2 :30 बजे नटराज सिनेमा में सनातन गुरुकुल पाठशाला के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक फिल्म ''बॉर्डर दो'' का विशेष प्रदर्शन आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करना था। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सीए राजेन विद्यार्थी और विशिष्ट अतिथि सीडीएस मोहन गुप्ता रहे। राजेन विद्यार्थी ने कहा कि कम उम्र में प्रेरणादायक कहानियों से जुड़ाव बच्चों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मोहन गुप्ता ने कहा कि वीरता और बलिदान की कहानियां बच्चों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करती हैं। संचालन प्रियंक मूना ने किया। अध्यक्ष रजत मेहरोत्रा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी क्लब ऑफ बरेली चेंबर समाज के वंचित वर्गों के उत्थान, शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।




### वॉल पेंटिंग के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

**बरेली, अमृत विचार :** छावनी परिषद कैंट की सीईओ डॉ. तनु जैन के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन टीम ने शुक्रवार को वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें आरएन टैगोर स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वच्छता विषयक आकर्षक एवं संदेश पूर्ण पेंटिंग्स के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। बच्चों की रचनात्मकता एवं सहभागिता सराहनीय रही। अधिकारियों व कर्मचारियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। स्वच्छ भारत अभियान को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प दोहराया।